अध्याय 2 लेखापरीक्षा पद्धति

2.1 लेखापरीक्षा उद्देश्य

निष्पादन लेखापरीक्षा निम्नलिखित उद्देश्यों से की गई थी:

- आंकलन करने के लिए कि क्या सरकार का हित (एमओसीए तथा एएआई द्वारा) निजी संचालक के साथ सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) प्रबंधों द्वारा पर्याप्त रूप से संरक्षित हो रहा है और क्या निजी संचालक के जोखिम और प्रतिफल, प्रबंध में परिकल्पित के अनुसार हैं ;
- बीती हुई अवधि (2006-12) में सीएसआई, हवाई अड्डा, मुम्बई में पीपीपी प्रबंधों के वास्तविक संचालन का अध्ययन और सरकार (और उसकी नामित एएआई) और अन्य पणधारियों पर उसके प्रभाव का आकलन।

2.2 लेखापरीक्षा मानदंड

निष्पादन लेखापरीक्षा इसके संदर्भ में की गई थी:

- ओएमडीए में रखी गई निबंधन और शर्तें और रियायत अवधि से संबंधित सहायक करार, विकास शुल्क की वसूली, किराया निर्धारण, भूमि का पट्टा, मास्टर प्लान, परियोजना लागत आदि;
- एमओसीए, भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण, (एईआरए) और एएआई द्वारा जारी दिशानिर्देश/ निर्देश, एएआई बोर्ड बैठक का कार्यवृत्त और कार्यसूची कागजात।

2.3 लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र और पद्धति

लेखापरीक्षा , एएआई और एमओसीए के पास उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर की गई थी, अभिलेख, एएआई के हवाई अड्डा बुनियादी ढांचा पुनर्गठन विभाग, नई दिल्ली, जेवी समन्वय सेल, मुम्बई, स्वतंत्र अभियंता रिपोर्ट, स्वतंत्र लेखापरीक्षक रिपोर्ट, मासिक सूचना प्रणाली वापसियों, एएआई के राजस्व शेयर की गणना के लिए एएआई द्वारा अनुरक्षित अभिलेखों और सूचना और एएआई के माध्यम से एमआईएएल द्वारा उपलब्ध करायी गई सूचना/ऑकड़ो में अनुरक्षित थे। लेखापरीक्षा में 2006 से 2012 की अवधि कवर की गई थी। लेखापरीक्षा पद्धति और उद्देश्यों की सदस्य (योजना), एएआई (मुख्यालय) एएआई क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पश्चिमी क्षेत्र और एमआईएएल प्रतिनिधियों/अधिकारियों के साथ 10 सितम्बर 2012 को

शुरूआती सम्मेलन में चर्चा की गई थी। 15 जनवरी 2013 को संयुक्त सचिव, एमओसीए के साथ एक अलग से शुरूआती बैठक भी आयोजित की गई थी। ड्राफ्ट लेखापरीक्षा रिपोर्ट 30 मई 2013 को एएआई को जारी की गई थी और एएआई का उत्तर 30 जुलाई 2013 को प्राप्त हुआ था। एएआई का उत्तर शामिल किया गया था और एमओसीए को 2 अगस्त 2013 को जारी हुआ। एमओसीए का उत्तर 18 नवम्बर को प्राप्त हुआ। लेखापरीक्षा निष्कर्षों की 18 दिसम्बर 2013 की एक्जिट सम्मेलन में चर्चा की गई थी जिसमें, सचिव एमओसीए, और एएआई, एमओसीए और एमआईएएल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

2.4 अभिस्वीकृति

लेखापरीक्षा निष्पादन लेखापरीक्षा के दौरान सभी स्तरों पर एमओसीए, एईआरए, एएआई के वरिष्ठ अधिकारियों और स्टाफ द्वारा दी गई सहायता और सहयोग का आभार प्रकट करती है।